रोल नं. ......................

# 1101-A

## कक्षा 11वीं त्रैमासिक परीक्षा, 2022-23

## हिन्दी–1

### (माध्यम हिन्दी)

(कुल प्रश्नों की संख्या : 23) (कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 08)

(समय : 03 घण्टे) (पूर्णांक : 80)

---

*निर्देश –*

**(i)** *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

**(ii)** *प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसमें सही विकल्प 6 अंक, रिक्त स्थान 7 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, एक वाक्य में उत्तर 7 अंक, सत्य/असत्य 6 अंक के प्रश्न होंगे।*

**(iii)** *प्रश्न क्र. 6 से 15 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आवंटित हैं।*

**(iv)** *प्रश्न क्र. 16 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 75 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक आवंटित हैं।*

**(v)** *प्रश्न क्र. 20 से 23 तक विश्लेष्णात्मक प्रश्न हैं। शब्द सीमा 120 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आवंटित हैं।*

**(vi)** *प्रश्न क्र. 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*



https://www.mpboardonline.com

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए – (1×6=6)

(i) मीराबाई के आराध्य देव कौन थे?

(अ) श्री राम (ब) श्री शिव

(स) श्री राधा (द) श्री कृष्ण

(ii) "रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यम" परिभाषा है –

(अ) आचार्य विश्वनाथ की (ब) आचार्य शुक्ल की

(स) पंडित जगन्नाथ क़ी (द) मम्मट की

(iii) "नमक का दरोगा" कहानी का प्रकाशन वर्ष है –

(अ) 1924 (ब) 1914

(स) 1934 (द) 1904

(iv) "फूले न समाना" मुहावरे का अर्थ है –

(अ) भूल जाना (ब) अत्यंत ख़ुश होना

(स) अत्यंत प्रेम करना (द) अत्यंत दुखी होना

(v) लता के स्वरों में है –

(अ) निर्मलता (ब) पवित्रता

(स) गानपन (द) मीठापन

(vi) किसी सामग्री से उसकी अशुद्धियों को दूर करके उसे पठनीय बनाना कहलाता है –

(अ) संपादन (ब) पत्रकारिता

(स) पटकथा (द) जनसंचार



https://www.mpboardonline.com

प्र.2 रिक्त स्थान में सही शब्द का चयन कर लिखिए – (1X7=7)

(i) वाणी का डिक्टेटर.................................................को कहा जाता है।

(मीराबाई / कबीर)

(ii) मीरा ने प्रेम बेलि में.................................................सींचा है।

(आँसुओं का जल / गंगाजल)

(iii) प्रबंध काव्य के अन्तर्गत.................................................आता है।

(सूरसागर / साकेत)

(iv) मियां नसीरुद्दीन अखबार बनाने वाले और पढ़ने वाले को....................समझते थे।

(कामकाजी / निठल्ला)

(v) अच्छा अनुच्छेद लिखना एक.................................................कौशल है।

(लेखन / वाचन)

(vi) शास्त्रीय गायन की महफिल.................................................की होती है।

(तीन घंटे / तीन मिनिट)

(vii) हिन्दी का पहला साप्ताहिक पत्र.................................................है।

(उदंत मार्तंड / कर्मवीर)

प्र.3 सही जोड़ी बनाकर लिखिए – (1X6=6)

| (अ) | | (ब) | |
|---|---|---|---|
| (i) | हम तौ एक एक करि जांनां | (क) | भाव–पल्लवन |
| (ii) | सर्ग में बंधी रचना | (ख) | महाकाव्य |
| (iii) | अपू के साथ ढाई साल | (ग) | सत्यजीत राय |
| (iv) | किसी विचार या भाव के बारे में लिखना | (घ) | कबीर |
| (v) | राजस्थान की रजत बूंदे | (ङ) | अनुपम मिश्र |
| (vi) | जनसंचार का अंग्रेज़ी पर्याय | (च) | मास कम्युनिकेशन |
| | | (छ) | बेबी हालदार |
| | | (ज) | जायसी |



https://www.mpboardonline.com

प्र.4 एक वाक्य में उत्तर लिखिए – (1×7=7)

(i) मानव शरीर का निर्माण किन पंचतत्व से हुआ है?

(ii) अनुभाव कितने प्रकार के होते हैं?

(iii) 'तालीम की तालीम बड़ी चीज़ है।' यह कथन किसका है?

(iv) वंशीधर ने किससे बैर मोल लिया था?

(v) विज्ञापन लेखन के समय ध्यान में रखी जाने वाली कोई एक सावधानी लिखिए।

(vi) लता मंगेशकर की लोकप्रियता का मुख्य मर्म क्या है? लिखिए।

(vii) भारतीय टेलीविजन को दूरदर्शन नाम कब दिया गया?

प्र.5 सत्य–असत्य कथन लिखिए – (1×6=6)

(i) कवि भवानी प्रसाद मिश्र की माता बहुत पढ़ी लिखी थीं।

(ii) 'मोहन बैल है' में अभिधा शब्दशक्ति है।

(iii) अपू की माँ उसे रोटी–सब्जी खिला रही थी।

(iv) संवाद का सामान्य अर्थ बातचीत है।

(v) संगीत का क्षेत्र विस्तीर्ण है।

(vi) जनसंचार माध्यमों का लोगों पर केवल सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

प्र.6 सगुण भक्ति धारा की दो विशेषताएँ बताते हुए दो कवियों के नाम लिखिए। (2)

**अथवा**

प्रयोगवादी कविता की विशेषताएँ लिखिए।

प्र.7 कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक है। इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिए हैं? (2)

**अथवा**

मायके आई बहन के लिए कवि भवानी प्रसाद मिश्र ने घर को 'परिताप का घर' क्यों कहा है?

प्र.8 वक्रोक्ति अलंकार की परिभाषा लिखिए। (2)

**अथवा**

दृष्टान्त अलंकार की परिभाषा लिखिए।



https://www.mpboardonline.com

प्र.9 विभाव किसे कहते हैं? ये कितने प्रकार के होते हैं? (2)

**अथवा**

शब्द शक्ति से क्या तात्पर्य है किसी एक शब्द शक्ति का उदाहरण लिखिए।

प्र.10 भारतेंदु युग के गद्य की दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

**अथवा**

द्विवेदी युग के गद्य की दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र.11 बालमुकुंद गुप्त ने देश को 'अभागे भारत!' क्यों कहा है? (2)

**अथवा**

'नमक का दरोगा' कहानी का कौन–सा पात्र आपको सर्वाधिक प्रभावित करता है और क्यों?

प्र.12 सार – संक्षेपण का अर्थ लिखिए। (2)

**अथवा**

विज्ञापन लेखन की कला के बारे में लिखिए।

प्र.13 अनुच्छेद लेखन के समय ध्यान देने योग्य दो बातें लिखिए। (2)

**अथवा**

संवाद लेखन के समय ध्यान देने योग्य दो बातें लिखिए।

प्र.14 लता मंगेशकर को भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ क्यों कहा गया है? (2)

**अथवा**

शास्त्रीय संगीत और चित्रपट संगीत में अंतर लिखिए।

प्र.15 जनसंचार माध्यमों के क्या खतरे हैं? (2)

**अथवा**

जनसंचार माध्यमों के चार महत्त्वपूर्ण उद्देश्य लिखिए।

प्र.16 निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर कबीर **अथवा** मीराबाई का काव्य परिचय लिखिए – (3)

(अ) दो रचनाएँ

(ब) भाव पक्ष – कला पक्ष

(स) साहित्य में स्थान



https://www.mpboardonline.com

प्र.17 निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर प्रेमचंद **अथवा** कृष्णा सोबती का साहित्यिक परिचय लिखिए – (3)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.18 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय का भाव पल्लवन कीजिए – (3)

(क) साहित्य समाज का दर्पण है।

(ख) अज्ञान सर्वत्र आदमी को पछाड़ता है।

प्र.19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश/काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (3)

जीवन का अर्थ है जोश, उत्साह, साहस, हिम्मत और जिंदादिली। कहते हैं जिंदगी जिंदादिली का नाम है। मुर्दा दिल खाक जिया करते हैं। हलचल, हिम्मत, साहस जीवन की निशानी है। जो लोग हर क्षण उत्साह की तरंग में रहते हैं, उनके जीवन जीने की शैली मनोरम होती है। जो जीवन के हर खतरे को चुनौती समझ कर झेलते हैं, उनका जीवन उत्सव जैसा बन जाता है। उन्हें हर क्षण नया काम मिला रहता है। वे अपने मन में और नवीनता का अनुभव करते हैं। वे कभी मन में निराशा और ग्लानि महसूस नहीं करते। बल्कि उन्हें खतरों से जूझते हुए भी हर्ष और आत्मिक संतोष का अनुभव होता है। इसके विपरीत कायर और आलसी लोग हर रोज कई बार मरते हैं। उन्हें पग–पग पर अपमान सहना पड़ता है। यदि मनुष्य सोच ले कि उसे जीवन साहस हिम्मत और जिंदादिली से जीना है, तो फिर जीवन इतना सुहावना होता है कि जीवन से मृत्यु का भय भी निकल जाता है।

**प्रश्न –**

(1) मनुष्य के लिए जीवन उत्सव कब बनता है?

(2) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(3) 'संतोष' शब्द का विशेषण लिखिए।

<u>अथवा</u>



https://www.mpboardonline.com

बादल, गरजो!

घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!

ललित ललित, काले घुँघराले,

बाल कल्पना के से पालि,

वज छिपा, नूतन कविता,

फिर भर दो—बादल, गरजो!

**प्रश्न –**

(i) काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) नूतन शब्द का पर्यायवाची लिखिए।

(iii) उपर्युक्त काव्यांश का मूल भाव लिखिए।

प्र.20 निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ संदर्भ–प्रसंग तथा सौन्दर्य बोध सहित लिखिए - **(4)**

हम तौ एक एक कर जांनां।

दोइ कहैं तिनहीं कौं दोजग जिन नाहिनं पाहिचांनां।।

एकै पवन एक ही पानीं एकै जोति समांनां।

एकै खाक गढ़ सब भांडै एकै कोंहरा सांनां।।

**<u>अथवा</u>**

मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई

जाके सिर मोर–मुकुट, मेरो पति सोई

छांड़ि दयी कुल की कानि, कहा करिहैं कोई?

संतन ढिग बैठि–बैठि लोक–लाज कोई?

अंसुवन जल सींचि–सींचि प्रेम बेलि बोई

अब त बेलि फैल गई आणंद–फल होई



https://www.mpboardonline.com

प्र.21 निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या संदर्भ–प्रसंग एवं विशेष सहित लिखिए – **(4)**

नौकरी में ओहदे की ओर ध्यान मत देना, यह तो पीर का मज़ार है। निगाह चढ़ावे और चादर पर रखनी चाहिए। ऐसा काम ढूंढ़ना जहां कुछ ऊपरी आय हो। मासिक वेतन तो पूर्णमासी का चांद है जो एक दिन दिखाई देता है और घटते–घटते लुप्त हो जाता है। ऊपरी आय बहता हुआ स्रोत है जिससे सदैव प्यास बुझती है।

**अथवा**

दुनिया सोती थी, दुनिया की जीभ जागती थी। सवेरे देखिए तो बालक–वृद्ध सबके मुंह से यही बात सुनाई देती थी। जिसे देखिए वही पंडित जी के इस व्यवहार पर टीका–टिप्पणी कर रहा था, निंदा की बौछारें हो रही थीं, मानो संसार से अब पापी का पाप कट गया।

प्र.22 नगर पालिका अध्यक्ष को नियमित सफाई ना होने पर एक शिकायती पत्र लिखिए। **(4)**

**अथवा**

अपने मित्र को गर्मी की छुट्टियों में पचमढ़ी भ्रमण हेतु साथ आने के लिए पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित निबंध लिखिए – **(4)**

(i) जीवन में खेलों का महत्त्व

(ii) जल ही जीवन है

(iii) वर्तमान समय में कंप्यूटर की उपयोगिता

(iv) विद्यालय का वार्षिकोत्सव

(v) मेरा देश : गाँव का देश

---



https://www.mpboardonline.com